Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 17-03-2006

Participants : Kaswan Shri Ram Singh

an>

Title : Need to release funds for completion of gauge conversion work on Sadulpur-Bikaner and Ratangarh-Degana rail sections.

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर पश्चिम रेलवे के रेवाडी-बीकानेर, सादुलपुर-हिसार व रतनगढ़-डेगाना रेल लाइन के आमान परिवर्तन की मांग सालों से विचाराधीन है, दिल्ली-रेवाडी रेल लाइन का दोहरीकरण करने के कारण उक्त सभी ट्रेनों का आवागमन मात्र रेवाडी तक ही रह गया है, जिससे राजस्थान के एक बहुत बड़े भूभाग का दिल्ली से सम्पर्क टूट गया है। रेवाडी-सादुलपुर, सादुलपुर-हिसार आमान परिवर्तन की स्वीकृति के पश्चात भी इसके लिए मामूली वित्तीय प्रावधान किया गया है, जिससे उक्त क्षेत्र के लोगों में बहुत भारी रोा व्याप्त है। इस संबंध में माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा भी आमान परिवर्तन के निर्देश जारी किये गये हैं। अतः मेरा निवेदन है कि रेवाडी-सादुलपुर, सादुलपुर-हिसार के आमान परिवर्तन के लिए सम्पूर्ण बजट का प्रावधान करते हुए शेा बचे हुए भाग सादुलपुर-बीकानेर, रतनगढ-डेगाना की स्वीकृति जारी करवा कर इस क्षेत्र की जनता को राहत प्रदान करें।